# विद्याभवन बालिका विद्यापीठ लखीसराय

कक्षा -षष्ठ दिनांक -07-07-2020

विषय -हिन्दी व्याकरण विषय शिक्षक -पंकज कुमार

सुप्रभात बच्चों कल आप लोग अपादान कारक तक अध्ययन किए थे आज संबंध कारक एवं अधिकरण कारक के बारे में विस्तार पूर्वक अध्ययन करेंगे।

## संबंध कारक

### संबंध कारक की परिभाषा

जैसा की हमें कारक के नाम से ही पता चल रहा है कि यह किन्हीं वस्तुओं में संबंध बताता है। संज्ञा या सर्वनाम का वह रूप जो हमें किन्हीं दो वस्तुओं के बीच संबंध का बोध कराता है, वह संबंध कारक कहलाता है।

सम्बन्ध कारक के विभक्ति चिन्ह का, के, की, ना, ने, नो, रा, रे, री आदि हैं।

### संबंध कारक के कुछ उदाहरण

**यह साहिल का स्कूटर है।**

जैसा की आप ऊपर दिए गए वाक्य में देख सकते हैं का विभक्ति चिन्ह का इस्तेमाल किया गया है। यह हमें स्कूटर एवं साहिल के बीच में संबंध बता रहा है।

जैस की हम जानते हैं की का विभक्ति चिन्ह संबंध कारक का होता है। यह हमें दो वस्तुओं के बीच के संबंधों को बताता है। इस वाक्य में भी यही विभक्ति चिन्ह है। अतः यह उदाहरण संबंध कारक के अंतर्गत आएगा।

**यह मानव का घर है।**

ऊपर दिए गए वाक्य में जैसा कि आप देख सकते हैं कि का विभक्ति चिन्ह का प्रयोग किया जा रहा है।

यह विभक्ति चिन्ह संबंध कारक का होता है क्योंकि हमें दो वस्तुओं के बीच के संबंध बताता है। इस वाक्य में यह हमें मानव एवं घर के बीच में संबंध बता रहा है। अतः यह उदाहरण संबंध कारक के अंतर्गत आएगा।

## राजा दशरथ के चार बेटे थे।

जैसा की आप देख सकते हैं, ऊपर दिए दिए गए वाक्य में के विभक्ति चिन्ह का प्रयोग किया गया है। यह चिन्ह हमें राजा दशरथ एवं राम के बीच का संबंध बता रहा है। अतः यह संबंध कारक के अंतर्गत आएगा।

### संबंध कारक के कुछ अन्य उदाहरण

- यह सुरेश की बहन है।
- यह सुनील की किताब है।
- यह नरेश का भाई है।
- यह गाडी विकास की है।

**अधिकरण कारक**

**संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से क्रिया के स्थान या आधार का बोध हो, उसे अधिकरण कारक कहते है।**

**जैसे –**

**शेर गुफा में रहता है।**

**सड़क पर गाड़ियाँ चल रही हैं।**

**पहले वाक्य में रहने का स्थान 'गुफा 'तथा दूसरे वाक्य में गाड़ी चलने का आधार 'सड़क 'है।**

**अत: 'गुफा में 'तथा 'सड़क पर 'शब्दो में अधिकरण कारक है।**

**अधिकरण कारक के रूप में सर्वनाम इस प्रकार लिखे जाते हैं –**

**उसमें, उसपर, उनमें, उनपर, मुझमें, तुझमें, तुमपर।**

**गृहकार्य –**

**रंगीन शब्दों के कारक लिखिए -**

**(क) जेब में कितने रुपये हैं?**

**(ख) पुलिस ने चोर को पकड़ा।**

**(ग) वह रेलगाड़ी से आया है।**

**(घ) वृक्षों को काटना सर्वथा गलत है।**